करंट की चपेट में आने से संविदा लाइनमैन की मौत, मचा कोहराम

मुआवजे और परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने की मांग पर अड़े परिजन

लालगंज, प्रतापगढ़। बिजली के खंभे पर लाइन ठीक करते समय करंट की चपेट में आने से संविदा लाइनमैन की मौत हो गयी। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। ट्रामा सेंटर में शव पहुंचने पर परिजनों ने आक्रोश जताते हुए मुआवजे और परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने की मांग की।

लालगंज कोतवाली क्षेत्र के रामपुर बावली निवासी सदाशिव कौशल का ४५ वर्षीय पुत्र संतोष कौशल रामपुर बावली विद्युत उपकेंद्र पर संविदा लाइनमैन के पद पर तैनात था। शनिवार सुबह करीब ११ बजे वह बबुरी सराय जानमती गांव में खंभा टूटने की सूचना पर लाइन ठीक करने पहुंचा था। इसी दौरान अचानक करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। आननफानन में लोग उसे लालगंज ट्रामा सेंटर ले गये, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। संतोष की मौत की खबर घर पहुंचते ही पत्नी अंबिका और बच्चों कृष्णा, शालू, शीतल, खुशी व अनमोल का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। सूचना पर पुलिस भी ट्रामा सेंटर पहुंची और शव कब्जे में लेने का प्रयास किया। इस दौरान परिजन आक्रोशित हो उठे और मुआवजे के साथ परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने की मांग पर अड़ गये। एसडीओ आशुतोष कुमार ने विभाग की ओर से परिजनों को मदद का भरोसा दिलाया। इसके बावजूद परिजन शव लेकर लालगंज पावर हाउस जाने लगे। पुलिस के समझाने पर वे वापस लौट आए। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार ने बताया कि तहरीर मिलने पर विधिक काररवाई की जायेगी।


रामपुर बावली में लाइनमैन की मौत पर बिलखते परिजन।

पत्नी की मौत के बाद अकेले रह रहे वृद्ध ने फांसी लगाकर दी जान

प्रतापगढ़। देहात कोतवाली क्षेत्र के पूरनपुर पटखान तिगुनाइतपुर गांव में शनिवार दोपहर घर में अकेले रह रहे वृद्ध ने फांसी लगाकर जान दे दी। घटना की जानकारी तब हुई, जब पड़ोस की एक महिला उसे खाना देने पहुंची। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

गांव निवासी ६२ वर्षीय पन्नालाल सरोज निःसंतान था। उसकी पत्नी की दो साल पहले मौत हो गयी थी। इसके बाद से वह घर में अकेले रहता था। आसपास के लोग उसे भोजन उपलब्ध करा देते थे। शनिवार दोपहर पड़ोस की एक महिला खाना लेकर उसके घर पहुंची तो दरवाजा अंदर से बंद मिला। कई बार आवाज देने के बाद भी कोई जवाब नहीं आया।

खड़िकी से झांककर देखा तो पन्नालाल का शव फंदे से लटक रहा था। महिला ने इसकी जानकारी सभासद को दी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पृथ्वीगंज चौकी प्रभारी अखिलेश प्रताप ने बताया कि मृतक के दो भाई नन्हेंलाल और धन्नेलाल नगर कोतवाली क्षेत्र के बेल्हाघाट पटखौली वार्ड में रहते हैं। उन्हें सूचना देकर बुलाया गया है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

टीचर्स प्रीमियम लीग आज


लालगंज, प्रतापगढ़। केशवपुर में आज रविवार को जिला टीचर्स प्रीमियम लीग का प्रातः दस बजे शुभारंभ होगा। टीचर्स प्रीमियम लीग द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में जिले भर के प्राथमिक शिक्षकों की टीम क्रिकेट प्रतियोगिता में शामिल होगी। यह जानकारी प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष संतोष मिश्र व महामंत्री विष्णु सिंह ने संयुक्त रूप से दी है।

१६ से ३० तक होगी आनलाइन स्वगणना, एक दिसम्बर से घर-घर पहुंचेंगे प्रगणक

मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान १७ से १६ दिसंबर तक चलेगा

प्रतापगढ़। जनगणना-२०२७ और मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान को लेकर जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय ने शनिवार को कैंप कार्यालय के सभागार में मीडिया प्रतिनिधियों के साथ प्रेसवार्ता की। उन्होंने दोनों अभियानों की जानकारी देते हुए व्यापक प्रचार-प्रसार करने और लोगों को जागरूक करने की अपील की।

डीएम ने बताया कि जनगणना के द्वितीय चरण में १६ से ३० नवंबर तक आनलाइन स्वगणना की सुविधा मिलेगी। इसके लिए नागरिक पोर्टल पर जाकर अपने परिवार और सदस्यों का विवरण स्वयं दर्ज कर सकेंगे। स्वगणना पूरी होने पर एक आईडी मिलेगी, जिसे सुरक्षित रखना होगा।


पत्रकारों से वार्ता करते डीएम अभिषेक पाण्डेय।

एक दिसंबर २०२६ से चार जनवरी २०२७ तक प्रगणक घर-घर जाकर ४० सवालों के माध्यम से मकान और परिवार से संबंधित जानकारी जुटाएंगे। स्वगणना आईडी प्रगणक को उपलब्ध करानी होगी, जिससे दर्ज विवरण का सत्यापन हो सके।

उन्होंने बताया कि जनगणना के आंकड़े विकास योजनाओं और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के निर्धारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इससे संबंधित जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर ०५३४२-२९७१२९ और टोल फ्री नंबर १८५५ पर संपर्क किया जा सकता है। डीएम ने बताया कि मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान १७ नवंबर से १६ दिसंबर तक चलेगा। इसका उद्देश्य मतदाता सूची को शुद्ध और त्रुटिरहित बनाना है। ऐसे पात्र नागरिक जिनका नाम मतदाता सूची में नहीं है, वे नाम दर्ज कराने के लिए आवेदन कर सकते हैं। एक जनवरी २०२७ को १८ वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवाओं को भी मतदाता बनने का अवसर मिलेगा।

उन्होंने मीडिया से दोनों अभियानों का व्यापक प्रचार करने की अपील की। प्रेसवार्ता में जनगणना प्रभारी एएसडीएम द्वितीय विमल कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

खरना की शाम से ३६ घण्टे का निर्जला व्रत शुरू

चार दिवसीय छठ महापर्व : आज शाम ढलते सूर्य का दिया जायेगा अर्घ्य

परियावां, प्रतापगढ़। लोक आस्था और सूर्य उपासना का चार दिवसीय महापर्व छठ शुक्रवार को नहाय-खाय के साथ शुरू हो गया। प्रत्यक्ष देव भगवान सूर्य और छठी मैया की आराधना के इस पर्व को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है। व्रती महिलाओं ने नदी में स्नान कर नए वस्त्र धारण किये और विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर व्रत का संकल्प लिया। इसके साथ ही घरों में पर्व की तैयारियां शुरू हो गईं।

छठ पर्व में नहाय-खाय का विशेष महत्व है। इस दिन व्रती महिलाएं शुद्धता और पवित्रता का ध्यान रखते हुए भोजन तैयार करती हैं। परंपरा के अनुसार सेंधा नमक से बनी कद्दू की सब्जी, चने की दाल और चावल का प्रसाद तैयार किया जाता है। सबसे पहले भगवान सूर्य को भोग लगाया जाता है, इसके बाद व्रती महिलाएं और परिवार के अन्य सदस्य प्रसाद ग्रहण करते हैं। पर्व के दौरान साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाता है और तामसिक भोजन से परहेज किया जाता है। शनिवार को दूसरे दिन खरना का विधान होगा। इसमें गुड़ और दूध से बनी खीर का प्रसाद ग्रहण करने के बाद व्रती महिलाएं ३६ घंटे का निर्जला व्रत शुरू करेंगी। तीसरे दिन १५ नवंबर को अस्ताचलगामी सूर्य को संध्या अर्घ्य दिया जायेगा। वहीं चौथे दिन १६ नवंबर को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के बाद व्रत का पारण होगा। छठ पर्व पर ठेकुआ, फल, गन्ना, नारियल, सूप और दौरी से भगवान सूर्य को अर्घ्य देने की परंपरा है। व्रती महिलाएं परिवार की सुख-समृद्धि, संतान की लंबी आयु और अच्छे स्वास्थ्य की कामना करती हैं। छठी मैया के पारंपरिक गीतों से घरों का वातावरण भक्तिमय हो रहा है। बिहार सहित देश के विभिन्न हिस्सों में मनाया जाने वाला यह महापर्व अब जन-जन की आस्था का प्रतीक बन चुका है।

चंपावत की एसपी के नाम से फर्जी आईडी बनाकर मांगे रुपये, आरोपित गिरफ्तार

प्रतापगढ़। उत्तराखंड के चंपावत जिले की पुलिस अधीक्षक के नाम से सोशल मीडिया पर फर्जी आईडी बनाकर रुपये मांगने के आरोपित को एसओजी टीम ने कोहंडौर क्षेत्र के अतरसंड गांव से गिरफ्तार कर लिया। बुधवार रात दबिश देकर टीम उसे अपने साथ उत्तराखंड ले गयी। अतरसंड निवासी रवि सिंह ने चंपावत की एसपी के नाम से फेसबुक और एक्स पर फर्जी अकाउंट बना रखा था। आरोप है कि इसके जरिये उसने एसपी के रिश्तेदारों और परिचितों से रुपये मांगे। झांसे में आकर कुछ लोगों ने उसके बताये खाते में रकम भी भेज दी थी। मामले की जानकारी होने पर चंपावत पुलिस ने जांच के बाद गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की। गुरुवार को एसओजी टीम कोहंडौर थाने पहुंची और स्थानीय पुलिस से जानकारी लेकर आरोपित के घर दबिश दी। एसओ रोहित सिंह ने उत्तराखंड पुलिस के आने की पुष्टि की। पुलिस के मुताबिक आरोपित पर दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, तमिलनाडु, उत्तराखंड और चंडीगढ़ में साइबर अपराध के मुकदमे दर्ज हैं। कोहंडौर थाने में भी उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज है।

अनुपस्थित मिले ३३ पंचायत सहायकों का मानदेय रोका

प्रतापगढ़। आनलाइन समीक्षा में पंचायत भवनों में ताला लटकता मिलने पर डीपीआरओ श्रीकांत दरवे ने विकास खंड रामपुर संग्रामगढ़ के ३३ पंचायत सहायकों के मानदेय भुगतान पर रोक लगा दी।

उन्होंने सम्बंधित ग्राम पंचायत के सेक्रेटरी को नोटिस भेजकर स्पष्टीकरण मांगा है। चेतावनी दी है कि स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं मिलने पर उच्चाधिकारियों को सूचित कर पद से हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी जायेगी।

नेहरू की जयंती पर कांग्रेस कार्यालय में हुई विचार गोष्ठी, दी श्रद्धांजलि



पार्टी कार्यालय पर नेहरू को श्रद्धांजलि देते कांग्रेसी।

प्रतापगढ़। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर शुक्रवार को जिला कांग्रेस कार्यालय इंदिरा भवन में विचार गोष्ठी आयोजित की गयी। कार्यक्रम की शुरुआत नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने के साथ हुई।

गोष्ठी की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष डा. नीरज त्रिपाठी ने की। उन्होंने कहा कि नेहरू के विचार, आदर्श और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता आज भी प्रेरणास्रोत हैं। आधुनिक भारत के निर्माण में उनका योगदान सदैव याद किया जायेगा। वक्ताओं ने उनके जीवन संघर्ष, दूरदर्शी सोच और राष्ट्र निर्माण में निभाई गयी भूमिका पर प्रकाश डाला। कांग्रेसजनों ने नेहरू के आदर्शों को आत्मसात करने और लोकतांत्रिक मूल्यों व आपसी सद्भाव बनाये रखने का संकल्प लिया। इस मौके पर वेदांत तिवारी, रवि भूषण सिन्हा, चंद्रनाथ शुक्ला, रियाज सुल्तान, सुरेश कुमार सरोज, मोहम्मद वसीम, राधेश्याम दुबे, तनवीर खान, आशिक अली, अरबाज आलम, विनोद त्रिपाठी और रामधन यादव सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।



रामलीला मैदान में विचार व्यक्त करते मुख्य वक्ता डा. दिग्विजय सिंह।

युवा नीति संवाद में युवाओं ने शिक्षा रोजगार और विकास पर रखे विचार

होप संस्था के आयोजन में युवाओं ने नीति निर्माण में भागीदारी पर दिया जोर

गड़वारा, प्रतापगढ़। रामलीला मैदान में शनिवार को होप संस्था (हाउस आफ पालिटिकल एम्पावरमेंट) की ओर से युवा नीति संवाद के चौथे अध्याय का आयोजन किया गया। इसमें सैकड़ों युवाओं ने प्रतिभाग कर शिक्षा, रोजगार, कौशल विकास, स्वरोजगार, तकनीक और स्थानीय विकास से जुड़े मुद्दों पर अपने विचार रखे।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि युवाओं को केवल सरकारी योजनाओं का लाभार्थी नहीं, बल्कि नीति निर्माण में सक्रिय भागीदार बनना चाहिए। युवाओं की भागीदारी मजबूत लोकतंत्र और विकसित उत्तर प्रदेश की आधारशिला है। मुख्य वक्ता डा. दिग्विजय सिंह ने कहा कि संस्था का उद्देश्य युवाओं की आकांक्षाओं और समस्याओं को सरकार तक पहुंचाना है। यह अभियान अगले तीन महीने तक प्रदेशभर में चलाया जायेगा। डा. अनंत प्रकाश, ओमप्रकाश, सोनू सिंह, ओमप्रकाश त्रिपाठी, डा. प्रभांशु ओझा और कार्यक्रम संयोजक नवीन सिंह ने भी विचार रखे। वक्ताओं ने मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, राज्य युवा आयोग, स्टार्टअप, नवाचार और कौशल विकास के माध्यम से युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर जोर दिया। संवाद में युवाओं ने शिक्षा और रोजगार से जुड़ी समस्याएं उठाईं।

आयोजकों ने सुझावों को सरकार तक पहुंचाने का भरोसा दिलाया। आयोजन में आशुतोष यादव, उत्सव कुमार राय, आर्यन, हिमांशु द्विवेदी, खन्ना सिंह और आदित्यनाथ तिवारी का विशेष सहयोग रहा। युवाओं ने उत्तम प्रदेश को सर्वोत्तम प्रदेश बनाने में सक्रिय भागीदारी का संकल्प जताया।

बाबा बागेश्वरनाथ धाम कथा को लेकर पांच दिन रहेगा रूट डायवर्जन

कुंडा में प्रमुख स्थानों पर बैरियर, सुबह १० से रात १० बजे तक लागू रहेगी यातायात व्यवस्था

प्रतापगढ़। कुण्डा तहसील क्षेत्र के हथिगवां थाना क्षेत्र के बेंती स्थित बाबा बागेश्वरनाथ धाम में १६ से २० नवंबर तक आयोजित होने वाली भव्य कथा को लेकर पुलिस प्रशासन ने यातायात व्यवस्था में बदलाव किया है। श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए कुंडा क्षेत्र में सुबह १० बजे से रात १० बजे तक रूट डायवर्जन लागू रहेगा। इसके लिए प्रमुख मार्गों पर बैरियर लगाकर पुलिसकर्मियों की ड्यूटी निर्धारित की गयी है।

मझिलगांव चौकी, दुखिया चौराहा, कबड़ियागंज, तिलौरी मोड़, करेंटी और बेंती अंडरपास, गांधीनगर तिराहा, मवई बाईपास, पोस्ट आफिस तिराहा और मेन चौराहा सहित प्रमुख स्थानों पर यातायात नियंत्रित किया जायेगा। शेखपुर आशिक, बिहार, बाबूगंज, महेशगंज, मनगढ़, मानिकपुर और प्रयागराज की ओर से आने वाले भारी वाहनों को निर्धारित वैकल्पिक मार्गों से भेजा जायेगा। करेंटी और बेंती अंडरपास से भारी वाणिज्यिक वाहनों का कस्बे की ओर प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। मेन चौराहा और क्षीर सागर तिराहे पर छोटे वाहनों की आवाजाही भी नियंत्रित की जायेगी। ई-रिक्शा, आटो, टेंपो और जीप के संचालन के लिए भी अलग-अलग स्थान तय किये गये हैं। बाबूगंज की ओर से आने वाले वाहनों का संचालन कबड़ियागंज नहर, बिहार और ताजपुर की ओर से आने वालों का तिलौरी मोड़ तथा मानगढ़ की ओर से आने वालों का पावर हाउस के पास से होगा। अन्य मार्गों के वाहनों के लिए भी निर्धारित स्थल बनाये गये हैं। पुलिस प्रशासन ने वाहन चालकों और श्रद्धालुओं से डायवर्जन प्लान का पालन करने तथा यातायात पुलिस का सहयोग करने की अपील की है।

हत्या के प्रयास के मामले में वांछित आरोपित गिरफ्तार

तीन जुलाई को पेट्रोल पंप के पास बाइक सवार दो युवकों से हुई थी मारपीट

पट्टी, प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में वांछित आरोपित को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे रेडीगारापुर गांव में उसके घर के पास से दबोचा।

पुलिस के अनुसार, तीन जुलाई २०२६ की रात वादी अपने पड़ोसी के साथ बाइक से पेट्रोल भरवाने जा रहा था। रमईपुर गांव स्थित पेट्रोल पंप के पास तीन बाइकों से पहुंचे आरोपितों ने उन्हें घेर लिया।

रसीद, नसीम, जिगर अली सहित तीन-चार अज्ञात लोगों ने डंडे और लात-घूंसों से पिटाई की थी। जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने और जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप है। मारपीट में दोनों घायल हुए थे और वादी बेहोश हो गया था।

पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देश पर थाना प्रभारी प्रदीप कुमार के नेतृत्व में उपनिरीक्षक अरुण कुमार मौर्य ने टीम के साथ मुखबिर की सूचना पर जिगर अली पुत्र वकील अहमद निवासी रेडीगारापुर को गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपित को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया।

संक्षिप्त समाचार

शौच के लिए जा रहे युवक को रास्ते में रोककर पीटा, दी धमकी

पट्टी, प्रतापगढ़। आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर शौच के लिए जा रहे युवक को रास्ते में रोककर लाठी-डंडों से पीटने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दो आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। महुली गांव निवासी प्रदीप पाल पुत्र रामनारायण पाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि १३ नवंबर की सुबह करीब छह बजे वह शौच के लिए जा रहा था। रास्ते में गांव के ही छोटू चौहान पुत्र विश्वनाथ चौहान ने उसे रोककर गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर लाठी से हमला कर दिया। शोर सुनकर पहुंचे विश्वनाथ चौहान पुत्र सुखदेव चौहान ने भी डंडे से पिटाई की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। विवेचना उपनिरीक्षक जयकिशुन यादव को सौंपी गयी है।

बंद घर का ताला तोड़ नकदी और लाखों के जेवर समेट ले गये चोर

प्रतापगढ़। फतनपुर थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। शुक्रवार रात चोरों ने सुरवां मिश्रपुर गांव के अगंदा का पूरा निवासी गुलाबचंद यादव के बंद घर को निशाना बनाया। ताला तोड़कर अंदर घुसे चोर नकदी सहित लाखों रुपये के सोने-चांदी के आभूषण समेट ले गये।

बताया गया कि गुलाबचंद यादव का परिवार गुजरात के सूरत में रहता है। घर पर किसी के मौजूद नहीं होने का फायदा उठाकर चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। शनिवार सुबह ग्रामीणों ने घर का ताला टूटा और सामान बिखरा देखा तो इसकी जानकारी फोन से गुलाबचंद को दी। इसके बाद डायल ११२ पुलिस को सूचना दी गयी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच की और पीड़ित पक्ष को थाने में शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी। बाद में पीड़ित के रिश्तेदार ने थाने पहुंचकर अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रार्थना पत्र दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

लाइसेंसी बंदूक से हर्ष फायरिंग करने का आरोपित गिरफ्तार

बाबागंज, प्रतापगढ़। महेशगंज थाना क्षेत्र में दीपावली पर लाइसेंसी बंदूक से हर्ष फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक पूरे टेड़ा कन्हैया दुल्लापुर निवासी कुल भास्कर यादव ने आठ नवंबर की रात अपने पिता अयोध्या प्रसाद यादव की लाइसेंसी बंदूक से हर्ष फायरिंग की थी। इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया गया था। मामले में महेशगंज थाने के उपनिरीक्षक शिवपाल सिंह ने मुकदमा दर्ज कराया था। शनिवार को पुलिस ने काप्रवाई करते हुए आरोपित कुल भाश्कर यादव को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी भूपेश नाथ सिंह ने बताया कि आरोपित को गिरफ्तार करने के बाद न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। पुलिस मामले में विधिक काररवाई कर रही है।

समारोहपूर्वक हुआ 'पीयूषांजलि' का विमोचन

प्रो. शिवाकांत ओझा ने कहा- साहित्य और लेखन से समाज को नयी दिशा देने की जरूरत

लालगंज, प्रतापगढ़। नगर स्थित सरस्वती विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के सभागार में शनिवार को संस्कृत विद्वान एवं प्रख्यात साहित्यकार प्रो. कामता प्रसाद त्रिपाठी 'पीयूष' की स्मृति में तैयार अभिनंदन ग्रंथ 'पीयूषांजलि' का समारोहपूर्वक विमोचन किया गया।



लालगंज के सरस्वती विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में पुस्तक का विमोचन करते अतिथि।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रो. शिवाकांत ओझा ने अतिथियों के साथ मां सरस्वती एवं प्रो. पीयूष के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद प्रो. शिवाकांत ओझा, डा. दुर्गा प्रसाद ओझा, डा. शिवमूर्ति शास्त्री, आचार्य शक्तिधरनाथ पांडेय और डा. ज्ञानेंद्रनाथ त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से पुस्तक का लोकार्पण किया। महाविद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम की शुरुआत की। छत्तीसगढ़ के खैरागढ़ में उपकुलपति रह चुके प्रो. कामता प्रसाद पीयूष की साहित्यिक रचनाओं और उनके व्यक्तित्व-कृतित्व पर विद्वानों के विचारों से सुसज्जित इस ग्रंथ के विमोचन में बड़ी संख्या में साहित्यकार और प्रबुद्धजन शामिल हुए। कार्यक्रम के संचालक हिंदी विभागाध्यक्ष डा. अम्बिकेश त्रिपाठी ने प्रो. पीयूष की साहित्यिक कृतियों पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि प्रो. शिवाकांत ओझा ने कहा कि प्रो. कामता प्रसाद ने सामाजिक सुधार और राष्ट्रीयता से जुड़े मूल्यों को अपनी रचनाओं के माध्यम से पीढ़ियों तक पहुंचाया। साहित्य और लेखन जगत को विभिन्न क्रांतियों के रचनात्मक परिणाम हासिल करने में सजग भूमिका निभानी चाहिए। इस अवसर पर अभिनंदन ग्रंथ के संपादक मंडल के अभितांशु त्रिपाठी, शुभांशु त्रिपाठी, अखिलांशु त्रिपाठी, संगीता त्रिपाठी, सुषमा त्रिपाठी और द्वारिका प्रसाद त्रिपाठी ने अतिथियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस मौके पर डा. संदीप मिश्र, प्रो. राजकुमार पांडेय, प्रकाशचंद्र मिश्र, विनय शुक्ल सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-4 (कु.मे.), लो.नि.वि. प्रयागराज

पत्रांकः C 614 (B)/कैम्प निविदा /2026 — **ई-निविदा आमंत्रण सूचना** — दिनांक 23.10.2026

1. महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधिशासी अभियन्ता,निर्माण खण्ड-4(कु.मे.), लो.नि.वि, प्रयागराज द्वारा उ.प्र. लो.नि.वि. में क्लास ए,बी,सी एवं डी में सुसंगत श्रेणी के पंजीकृत एवं पात्र ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यो की प्रतिशत के आधार पर ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है । निविदादाताओं की सलाह दी जाती है कि निविदा डालने से पूर्व निविदा के लिए न्यूनतम अर्हता हेतु निविदा निर्देशिका के क्लॉज 3 का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर लें ।

2. आमंत्रित निविदा की सूचना

क्र. सं.	जिला	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रू. लाख में)	धरोहर धनराशि (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (माह)	कार्यदायी अधिशासी अभियन्ता के खंड का पता	अधीक्षण अभियन्ता, का पता	मुख्य अभियन्ता का पता	जिलाधिकारी पता
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
नवीनीकरण का कार्य (स्वीकृति की प्रत्याशा में)										
1	प्रया0	चकपाली नहर की पटरी सम्पर्क मार्ग	10.00	1.00	500 + 225/-+GST	2 माह	अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड-4 (कु0मे0), लो0नि0वि0, प्रयागराज	अधीक्षण अभियन्ता, प्रयागराज कृत्त, लो.नि.वि., प्रयागराज	मुख्य अभियन्ता, प्रयागराज क्षेत्र, लो.नि.वि., प्रयागराज	जिलाधिकारी प्रयागराज
2	प्रया0	मुगरांव मार्ग से प्राथमिक विद्यालय तक मार्ग	10.00	1.00	500 + 225/-+GST	2 माह				
3	प्रया0	भौंटी रामनगर से शुक्ला बस्ती सम्पर्क मार्ग	10.00	1.00	500 + 225/-+GST	2 माह				
4	प्रया0	सियाडीह के डीह बस्ती से सिलवन नारायण पाण्डेय के घर से होते हुए खानपुर तक सम्पर्क मार्ग।	10.00	1,00	500 + 225/-+GST	2 माह				
5	प्रया0	चिरौंरा खटिकान बस्ती से रानीगंज पसियाँ बस्ती	10.00	1.00	500 + 225/-+GST	2 माह				
6	प्रया0	हनुमानगंज कोटवा मार्ग के किमी0 2 अजवईया से सुदनीपुर मुस्लिम बस्ती होते हुए सुदनीपुर कर्ता सम्पर्क मार्ग।	10.00	1.00	500 + 225/-+GST	2 माह				
7	प्रया0	उमेदपुर पाल बस्ती से गंगा किनारे तक सम्पर्क मार्ग।	10.00	1.00	500 + 225/-+GST	2 माह				
8	प्रया0	कसिया का पुरा से बगई हाईवे तक संपर्क मार्ग	10.00	1,00	500 + 225/-+GST	2 माह				
9	प्रया0	राजेतारा से नई बाजार सम्पर्क मार्ग	10.00	1.00	500 + 225/-+GST	2 माह				
10	प्रया0	छाता (कलीपुर) सम्पर्क मार्ग	10.00	1,00	500 + 225/-+GST	2 माह				
11	प्रया0	दक्षिणी अनूसूचित बस्ती (हरखपुर) सम्पर्क मार्ग	10.00	1.00	500 + 225/-+GST	2 माह				
12	प्रया0	मऊआइमा (चैहान का पूरा) सम्पर्क मार्ग	10.00	1.00	500 + 225/-+GST	2 माह				
13	प्रया0	सरायदत्ते नहर की पटरी से अलगू पटेल दली का पूरा वाया नाउ का पूरा लल्लू पटेल के घर तक सम्पर्क मार्ग	10.00	1.00	500 + 225/-+GST	2 माह				
14	प्रया0	शारदा सहायक नहर की पटरी हुसैना से एकडला बिन्द बस्ती सम्पर्क मार्ग।	9.50	0.95	500 + 225/-+GST	2 माह				
15	प्रया0	रिखीपुर थनूपुर शुकुलपुर मार्ग के किमी0-2 से अरई मौर्या बस्ती सम्पर्क मार्ग	9.00	0.90	500 + 225/-+GST	2 माह				
16	प्रया0	पहाड़पुर सम्पर्क मार्ग	9.00	0.90	500 + 225/-+GST	2 माह				
17	प्रया0	ताल रोड	9.00	0.90	500 + 225/-+GST	2 माह				
18	प्रया0	कुतुबपट्टी उर्फ अहियापुर प्राथमिक विद्यालय से हेतापुर तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य	9.00	0.90	500 + 225/-+GST	2 माह				
19	प्रया0	चक जलाल सम्पर्क मार्ग	9.00	0.90	500 + 225/-+GST	2 माह				
20	प्रया0	एसपीएच रोड किमी. 7 से ठगहा से करौंदी तक लिंक रोड	9.00	0.90	500 + 225/-+GST	2 माह				
21	प्रया0	बटऊपुर से किशुनीपुर सम्पर्क मार्ग	8.50	0.85	500 + 225/-+GST	2 माह				
22	प्रया0	झिरिहिरी हरिजन बस्ती का अवशेष भाग मार्ग	8.50	0.85	500 + 225/-+GST	2 माह				
23	प्रया0	मंगनापुर चैराहे से प्राइमरी पाठशाला तेन्दुई तक सम्पर्क मार्ग	8.50	0.85	500 + 225/-+GST	2 माह				
24	प्रया0	तिसौरा कुमीयान बस्ती तक सम्पर्क मार्ग (1920A)	8.50	0.85	500 + 225/-+GST	2 माह				
25	प्रया0	डिहवा बस्ती (किरांव) सम्पर्क मार्ग	8.50	0.85	500 + 225/-+GST	2 माह				
26	प्रया0	तिलई दमदम मार्ग के किमी-6 से सराय जाझा बस्ती तक सम्पर्क मार्ग	8.50	0.85	500 + 225/-+GST	2 माह				
27	प्रया0	एस0बी0डी0 किमी0-14 करकटेपुर से छाता बाजार मार्ग के किमी0-1 से चमरूपुर नहर की पटरी से गौतमान सम्पर्क मार्ग	8.50	0.85	500 + 225/-+GST	2 माह				
28	प्रया0	सेमरा वीरभानपुर मार्ग से चैनी का पूरा सम्पर्क मार्ग	8.50	0.85	500 + 225/-+GST	2 माह				
29	प्रया0	गदियानी खरगापुर मार्ग से चितक का पूरा सम्पर्क मार्ग	8.50	0.85	500 + 225/-+GST	2 माह				
30	प्रया0	बाका जलालपुर (बहवेड़ियान) सम्पर्क मार्ग	8.50	0.85	500 + 225/-+GST	2 माह				
31	प्रया0	पूरेकान्ता सम्पर्क मार्ग	8.00	0.80	500 + 225/-+GST	2 माह				
32	प्रया0	जेण्केण्डीग्एलए मार्ग से ककरा उपरहार	8.00	0.80	500 + 225/-+GST	2 माह				
33	प्रया0	मऊआइमा (किगरिहा का पूरा) सम्पर्क मार्ग	8.00	0.80	500 + 225/-+GST	2 माह				
34	प्रया0	तिलई दमदम मार्ग से दमदम	8.00	0.80	500 + 225/-+GST	2 माह				
35	प्रया0	मलाक चैथरी से मलकिया सम्पर्क मार्ग	8.00	0.80	500 + 225/-+GST	2 माह				
36	प्रया0	जम्हा हरिजन बस्ती संपर्क मार्ग	8.00	0.80	500 + 225/-+GST	2 माह				
37	प्रया0	मटियारा खास से बनकट तक लिंक रोड	750	0.75	500 + 225/-+GST	2 माह				
38	प्रपा0	शेख फातिमा उर्फ माधोपुर सम्पर्क मार्ग	7.50	0.75	500 + 225/-+GST	2 माह				
39	प्रया